**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल ने कोटा के ऑक्सीजोन सिटी पार्क में विकास कार्यों का अवलोकन किया

जयपुर/कोटा, 28 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को कोटा के झालावाड़ रोड स्थित ऑक्सीजोन सिटी पार्क का भ्रमण कर वहां करवाए गए विकास कार्यों एवं सौंदर्यीकरण का अवलोकन किया ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इसके बाद मीडिया से बातचीत में ऑक्सीजोन सिटी पार्क को अद्भुत बताते हुए कहा कि यह उद्यान न सिर्फ कोटा शहर बल्कि पूरे प्रदेश में अपनी तरह का अनूठा है । उन्होंने कहा कि इस उद्यान में मनुष्य और प्रकृति के संतुलन को बहुत सुंदर और सृजनात्मक ढंग से दिखाया गया है, कोटा आने वाले पर्यटकों को एक बार तो यहां अवश्य आना चाहिए।

इस दौरान आर्किटेक्ट श्री अनूप बरतरिया, प्रशासनिक एवं यूआईटी कोटा के अधिकारीगण उपस्थित रहे ।